सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत दायर आवेदन पर विगत 6 माह से कोई उत्तर प्राप्त न होने के संबंध में - RTI Application BR250718396436

16 FEB 2026

< kumaramitnexus@gmail.com >

Mon, 16 Feb 2026 10:24:42 AM +0530

To "secyrcd-bih"<secyrcd-bih@nic.in>,"mdroadcorp"<mdroadcorp@gmail.com>,"chairman"<chairman@brpnn.co.in>,"dsgrorcd"<dsgrorcd@gmail.com>

Tags Not in Contacts

सेवा में,

माननीय सचिव महोदय,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार

आदरणीय महोदय,

सादर निवेदन है कि मेरे द्वारा दिनांक **18.07.2025** को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसका पंजीकरण संख्या **[RTI नंबर -** BR250718396436 **]** है।

उक्त आवेदन में मांगी गई सूचना के संबंध में अधिनियम की धारा 6 (3) के आलोक में **23.07.2025 को लोक सूचना पदाधिकारी , पथ निर्माण विभाग** को हस्तांतरित किया गया । परंतु अत्यंत खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि आवेदन प्रस्तुत किए जाने के **लगभग 6 माह व्यतीत हो जाने के उपरांत भी** न तो कोई सूचना प्रदान की गई है और न ही किसी प्रकार की स्थिति/स्पष्टीकरण से अवगत कराया गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण विधिक प्रावधान है। इस प्रकार की अनावश्यक देरी न केवल अधिनियम की भावना के विपरीत है, बल्कि नागरिकों के वैधानिक अधिकारों का भी हनन करती है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया इस विषय में व्यक्तिगत संज्ञान लेते हुए संबंधित लोक सूचना अधिकारी को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि मांगी गई सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जा सके अथवा विलंब के कारणों से लिखित रूप में अवगत कराया जा सके।

आपकी सकारात्मक एवं शीघ्र कार्रवाई की प्रतीक्षा रहेगी।

प्रतिलिपि (Cc):

— प्रबंध निदेशक , पथ निर्माण विभाग
— सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी

***संलग्न -** आवेदन फॉर्म , अपील , आवेदन की स्तिथि

सधन्यवाद।

भवदीय,
अमित कुमार

9304864112

प्रपत्र 'ङ'

(नियम 4 (2) देखे)

अन्य प्राधिकार से संबंधित आवेदन का स्थानान्तरण

बिहार सरकार

पथ निर्माण विभाग

Ic Komal (27.02.2026)

पत्र संख्याः–**लो.सू.को./आई.डी.सं.–475/25–26** 1587(E) पटना, दिनांक–27/02/2026

प्रेषकः

लोक सूचना पदाधिकारी,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

निबंधित

लोक सूचना पदाधिकारी,
बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड,
बिहार, पटना।
लोक सूचना पदाधिकारी,
मुख्य अभियंता, रा०उ०प० (उत्तर एवं दक्षिण) उपभाग का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
लोक सूचना पदाधिकारी,
क्षेत्रीय कार्यालय–पटना,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
ब्लॉक–बी, प्रथम तल,
क्लासिकोन्स शिवमित्रा अपार्टमेंट,
विवेकानन्द मार्ग, बोरिंग रोड, पटना,
पिन–800013

महाशय,

श्री अमित कुमार का जानकारी सूचना आवेदन संख्या–BR250718396436 दिनांक–18.07.2025 जो इस विभाग में दिनांक–16.02.2026 को प्राप्त हुआ है, जिसका **आई०डी०सं०–475/25–26** है। याचित सूचना आपके कार्यालय के क्षेत्राधिकार से संबंधित है।

अतः अधिनियम की धारा–6(3) के अनुपालन में इसे आवश्यक कार्यार्थ आपको स्थानान्तरित किया जाता है। अनुरोध है कि अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित सूचना सीधे आवेदक को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

Komal 27/2/26

लोक सूचना पदाधिकारी

ज्ञापांकः–1587(E) पटना, दिनांकः–27/02/2026

निबंधित

प्रतिलिपिः– **श्री अमित कुमार,** Flat No-3C, Astha Stuti Apartment, Gardanibagh Road No-01, Dist-Patna, Pin-800001, Mob-9304864112 **(आवेदक)।**

चूँकि माँगी गई सूचना से संबंधित आपका आवेदन इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है, अतः इसे संबंधित क्षेत्राधिकार वाले लोक सूचना पदाधिकारी को स्थानान्तरित कर दिया गया है। उल्लेखित लोक सूचना पदाधिकारी से संपर्क करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

पंजीयन सं०..........
....
दिनांक-..........

Komal 27/2/26

लोक सूचना पदाधिकारी

D:\R.T.I. Section-32\Komal-32\R.T.I. FOLDER TILL-2025\praptra. Anga.docx